मेरी मइया भोली मइया उपकार करते रहना

मेरी मइया, भोली मइया उपकार करते रहना,
हम नादान है तेरे सेवक, हमें प्यार करते रहना,
मेरी मइया, भोली मइया उपकार करते रहना॥

तु है जग की कल्याणी,
आदि शक्ति माहा रानी,
ओ सिंह सवारी माता,
मेरे भवन विराजो भवानी,
एक बार नही हे जननी, हर बार करते रहना,
मेरी मइया, भोली मइया उपकार करते रहना॥

हाथो में खड्ग विराजे,
सर लाल चुनरिया साजे,
भय मुक्त है जीवन मेरा,
है मिला सहारा तेरा,
अपने भक्तों की विनती, स्वीकार करते रहना,
मेरी मइया, भोली मइया उपकार करते रहना॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26181/title/meri-mayia-bholi-mayia-upkar-karte-rehna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |